दैनिक भास्कर
BHASKARHINDI.COM

Gadchiroli News: गडचिरोली में 1.20 लाख का नकली बीटी कपास बीज किया जब्त




Gadchiroli News आगामी कुछ ही दिनों में खरीफ सत्र की शुरुआत होगी। ऐसे में किसानों द्वारा धान समेत कपास के बीज की खरीदी करने लगे हैं। इस बीच बाजार में कपास के नकली बीटी बीज की धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं।

कृषि विभाग ने ऐसे बीज की बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इन्हीं आदेशों का पालन करते हुए अहेरी पुलिस ने तहसील के ग्राम मुत्तापुर में छापामार कार्रवाई करते हुए 1 लाख 20 हजार 120 रुपए के नकली बीटी बीज जब्त कर लिए। कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया वहीं एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मुत्तापुर निवासी कारू मुत्ता सिडाम (59) है। अहेरी पुलिस थाना अंतर्गत मुत्तापुर गांव में पिछले कुछ दिनों से कपास के नकली बीज की बिक्री शुरू होने की जानकारी पुलिस को मिली।

**Source:** https://www.bhaskarhindi.com/city/gadchiroli/gadchiroli-news-gadachirolee-mein-120-laakh-ka-nakalee-beetee-kapaas-beej-kiya-jabt-1143507#google_vignette